Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# गेट बैक टू बेटर। वैक्सीनेट ब्रैम्पटन।

## *सिटी ने निवासियों को वैक्सीन लगवाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए वैक्सीनेट ब्रैम्पटन अभियान शुरू किया*

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (2 जून, 2021) – चूंकि वैक्सीन की आधिकारिक शुरुआत (रोलआउट) जारी है और सप्लाई के मुताबक – इस गर्मी दूसरे शॉट्स की गति तेज़ करने की प्रांत की घोषणा के बाद सिटी, ब्रैम्पटन और पील (Peel) में देखी गई गति के आधार पर, अपना "गेट बैक टू बेटर। वैक्सीनेट ब्रैम्पटन।" ("Get Back to Better. Vaccinate Brampton".) अभियान शुरू कर रही है।

"गेट बैक टू बेटर। वैक्सीनेट ब्रैम्पटन।" अभियान, उन निजी कारणों पर ध्यान केंद्रित करता है कि ब्रैम्पटन की लोकल प्रतिष्ठित हस्तियों ने वैक्सीन लगवाने का फैसला क्यों किया और उदाहरणों के साथ बताती है कि, जब सभी निवासियों के लिए वैक्सीन उपलब्ध हो जाएगी, तो उनके वैक्सीन लगवाने से, कम्युनिटी किस प्रकार उनके आसपास के लोगों को सुरक्षित रख पाएगी और वे पहले जैसी ज़िंदगी जी पाएंगे, जिसकी कमी उन्हें कोविड-19 (COVID-19) महामारी के कारण महसूस हुई।

वैक्सीन, हमारी कम्युनिटी में बैक टू बेटर (Back to Better) के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कोविड-19 के दौरान हर कोई, अलग-अलग ढंग से काफी प्रभावित हुआ है और सभी निवासियों के वैक्सीन लगवाने के अपने निजी कारण हैं।

**वैक्सीन**

25 मई, 2021 तक, 357,008 या – 52.3 प्रतिशत ब्रैम्पटन निवासियों ने – कोविड-19 की वैक्सीन की अपनी पहली खुराक लगवा ली है। 12 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति, जो पील में रहते, काम करते या स्कूल जाते हैं, वे अब पील रीजन (Peel Region) में अपनी पहली वैक्सीन मुलाकात बुक करने के लिए योग्य हैं।

28 मई, 2021 को, ओनटैरियो सरकार ने घोषणा की थी कि वह गर्मी में दो-खुराक के लक्ष्य के साथ दूसरे शॉट्स की आधिकारिक शुरुआत की गति तेज़ कर रही है (accelerating the rollout of second shots targeting a two-dose summer)। यदि वैक्सीन की पूरी सप्लाई हो, तो यह संभावना है कि वैक्सीन लगवाने का चयन करने वाले ओनटैरियो के काफी निवासी, गर्मी के अंत तक पूरी तरह से वैक्सीन लगवाने के योग्य होंगे।

इस समय, पील के 80 वर्ष या इससे अधिक उम्र के निवासी, सीमित अंतराल में अपनी दूसरी खुराक बुक करवाने के लिए योग्य हैं। अधिक जानकारी यहां (here) प्राप्त की जा सकती है।

**स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी रिमाइंडर**

चाहे निवासियों ने वैक्सीन लगवा ली हो, फिर भी उन्हें याद दिलाया जाता है कि स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी सभी उपाय, हमारी कम्युनिटी को सुरक्षित रखने और कोविड-19 को फैलने से रोकने के लिए हैं। ब्रैम्पटन के निवासियों के लिए मास्क पहनने, शारीरिक दूरी रखने, अच्छी तरह से सफाई रखने और यदि वे बीमार महसूस कर रहे हों तो घर में ही रहने जैसे उपाय जारी रखना आवश्यक है।

खुद की और अपने प्रियजनों की रक्षा करें। यदि आपने अभी तक वैक्सीन बुक नहीं करवाई है, तो अपनी पहली कोविड-19 वैक्सीन बुक करवाएं। प्रांत के वैक्सीन बुकिंग पोर्टल (vaccine booking portal) पर दूसरी खुराक के लिए योग्यता के बारे में ताज़ा जानकारी प्राप्त करते रहें और जितनी जल्दी हो सके, अपनी वैक्सीन बुक करें। इकट्ठे मिलकर, हम कोविड-19 को फैलने से रोक सकते हैं।

**लिंक**

- वेबसाइट – गेट बैक टू बेटर। वैक्सीनेट ब्रैम्पटन। (Website – Get Back to Better. Vaccinate Brampton.)
- वीडियो – गेट बैक टू बेटर। वैक्सीनेट ब्रैम्पटन। (Video – Get Back to Better. Vaccinate Brampton.)
- रीजन ऑफ पील का वैक्सीन बुकिंग पोर्टल (Region of Peel vaccine booking portal)
- ओनटैरियो सरकार का वैक्सीन बुकिंग पोर्टल (Government of Ontario vaccine booking portal)
- सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के कोविड-19 को फैलने से रोकने के प्रयास (The City of Brampton's response to COVID-19)
- पील में कोविड-19 के केस (Cases of COVID-19 in Peel)

**हवाला**

"हाल ही अच्छे मौसम की शुरुआत होने से, मुझे पता है कि ब्रैम्पटन के निवासी आगे अच्छे दिनों की झलकियां देख रहे हैं। अपने प्रियजनों से मिलना-जुलना और हमारी पसंदीदा ग्रुप और आउटडोर गतिविधियों में हिस्सा लेना शुरू करने के लिए वैक्सीन लगवाना बेहद महत्वपूर्ण है। उन निवासियों का धन्यवाद, जिन्होंने अपनी पहली खुराक लगवा ली है और जिन्होंने वैक्सीन नहीं लगवाई है और वैक्सीन लगवाने के लिए योग्य हैं, वे कृपया अपनी वैक्सीन मुलाकात बुक कर लें। गर्मी में दो-खुराकों के साथ और स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी सभी उपायों का पालन करके, हम असल में 'गेट बैक टू बेटर' की ओर बढ़ रहे हैं।

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 700,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca